हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 युवा संसद महोत्सवः आपातकाल के 50 वर्ष विषय पर युवाओं ...

9 बच्चों संग नव चेतना संगठन ने मनाई होली




## खबर संक्षेप

### पसौद में दो दिनी फाग गीत 5 व 6 मार्च को

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद (हल्दी बेलोदी) में भव्य लोककला महोत्सव समिति बजरंग चौक मे फाग गीत का आयोजन दो दिवसीय 05 एवं 06 मार्च गुरूवार, शुक्रवार को रखा गया है। समिति के अध्यक्ष राकेश साहू ने बताया जिसमें 9 मण्डलीय भाग लेगी।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 5 मार्च से

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में 5 मार्च



2026 से 13 मार्च 2026 तक 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया है। यह धार्मिक अनुष्ठान पंचायत भवन के पास आयोजित होगा, जहां प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से कथा श्रवण का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में प्रख्यात कथा वाचक पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज जी (गुंडरदेही, जिला-बालोद) द्वारा भक्तों को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराया जाएगा। साथ ही पं. रुपेश तिवारी जी द्वारा पारायण किया जाएगा। आयोजन समिति नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से इस कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। इस 9 दिवसीय धार्मिक आयोजन के माध्यम से ग्राम में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा और श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं ज्ञान का संदेश प्राप्त होगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से मवेशी घायल, गौ सेवकों ने पहुंचाया गौशाला



**गुण्डरदेही।** ग्राम चिचलगोंदी से कांदुल मार्ग में आज्ञात वाहन ने सड़क किनारे खड़े मवेशी को ठोकर मार दी। जिससे मवेशी बुरी तरह से घायल हो गया। जिसकी जानकारी नगर के गौ सेवक को मिलते ही नगर के गौ सेवक घटना स्थल पर पहुंचकर घायल मवेशी को तत्काल उपचार प्रदान कर वाहन के माध्यम से गुण्डरदेही के कृष्णा गौशाला लाया गया है। जहां डॉक्टर बुलाकर घायल गौ का उपचार गौ सेवको द्वारा कराया गया।घायल मवेशी की देखभाल गौ सेवक द्वारा किया जा रहा है।

### माधव को सीए की परीक्षा में 49 वां स्थान मिला

**बालोद।** नगर के होनहार युवा माधव पटेल ने सीए की परीक्षा में



ऑल इंडिया लेवल पर 49 वां स्थान प्राप्त किया। माधव पटेल की इस बड़ी उपलब्धी पर नगर में हर्ष व्याप्त है। माधव पटेल भाजपा नेता नगर पालिका के पार्षद राजू पटेल के सुपुत्र है। इस उपलब्धि पर पटेल परिवार, रमन टुवानी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बालोद अमित चोपड़ा, शंभू पटेल, जगदीश पटेल, विनय सोनी, ओमप्रकाश ने हर्श व्यक्त किया।

# होली से पहले बढ़ी मिठाइयों की मांग, मिलावट और रासायनिक रंगों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में होली का त्योहार कुछ ही दिन बचा है ऐसे में त्योहार के अवसर पर मिठाई की मांग बढ़ने लगी है तथा त्यौहारी अवसर पर मिठाई की मांग बढ़ने पर मिलावट का डर भी बना रहता है तथा खतरनाक व एक्सपाईरी रंग के विक्रय को लेकर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाने से मिठाई में मिलावट व कैमिकल युक्त खराब रंगो का डर है। होली त्यौहार के अवसर पर गुजिया, गुलाब जामुन, ठंडाई व अन्य मिठाईयो की मांग बढ़ जाती है, जिसका मांग बढ़ने के कारण इसकी पूर्ति के लिए बड़ी संख्या में मिलावटी सामानो का उपयोग कर मिठाई निर्माण की आशंका बनी रहती है, इस पर प्रशासन द्वारा त्यौहार नजदीक आने के बाद भी जिले के मिठाई दुकानो में गुणवत्ता की जांच तो की जा रही है पर जब तक उसकी रिपोर्ट आती है तब तक माल बिक जाता है, केमिकल युक्त खराब रंगो के चलन ने मिलावटी मिठाई खाने से स्वास्थ पर असर व केमिकल युक्त खराब रंगो के उपयोग से चेहरे, बाल व आंखो में प्रभाव पड़ने का डर बना रहता है।

- त्योहारी सीजन में मिलावट का बढ़ा खतरा, त्वचा, बाल व आंखों पर पड़ सकता है दुष्प्रभाव

## जांच रिपोर्ट आने तक बिक जाता है माल



### मिलावटखोरों पर नकेल की दरकार

जिसका असर तुरंत लोगो के स्वास्थ पर नही दिखता लेकिन धीरे धीरे एसे रंग त्वचा, बाल व आंख को प्रभावित करते है जिसके कारण होली के बाद लोगो को डॉक्टरो के चक्कर लगाने की मजबूरी हो जाती है ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा दुकानो में जांच कर पुराने एक्सपाईरी रंगो के साथ मिलावटी मिठाईयो की जांच की जानी चाहिए।



## कार्रवाई

### गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्थाओं की जांच

# 26 स्कूली बसों की जांच कर दी हिदायत, 2 संचालकों पर ठोका जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आरटीओं एवं यातायात विभाग बालोद द्वारा जिले में संचालित स्कूली बसों का चेकिंग शिविर का आयोजन किया गया। संयुक्त चेकिंग के दौरान जिले में संचालित 26 स्कूली बसों का जांच किया गया।

स्कूली बसों में खामी पाएं जाने पर कार्यवाही किया गया एवं खामी पूर्ति कर अवगत कराने निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग बालोद एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 26 स्कूली बसों का निरीक्षण परिवहन कार्यालय बालोद के सामने किया गया है। स्कूली बसों के निरीक्षण के दौरान बसों को सुप्रीम कोर्ट के गाईडलाइन के अनुसार फर्स्ट एड बॉक्स, पैनिक बटन, इमरजेंसी डोर, सीसीटीवी कैमरा दुरूस्त रखने, डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर बोर्ड में लिखवाने, नर्सरी एवं छोटे बच्चों के लिए महिला परिचालिका रखने, स्कूली बस्तों को रखने के लिए पर्याप्त स्थान रखने, संबंधी महत्वपूर्ण निर्देशों के अनुरूप बसों को चेक किया गया। खामी पाएं जाने वाले 02 स्कूल बस संचालकों पर 1500 रू. की कार्यवाही भी किया गया है। स्कूल बस चालकों एवं संचालकों को हिदायत दिया गया है कि 07 दिवस के अंदर खामीपूर्ती कर परिवहन विभाग बालोद को अवगत कराएं।

- 2 बस संचालकों पर 1500 रुपये की चालानी कार्रवाई
- चालकों व आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन की समझाइश

### बस चालकों को दी गई सुरक्षा की समझाइश

स्कूली बस चालकों, संचालकों एवं लायसेंस बनवाने आए आम जनों को वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों को पालन करने, जिम्मेदार नागरिक बनने, सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दिया गया, साथ ही जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों के प्रति सजगता से पालन करने की समझाइश दिया गया है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी बालोद प्रकाश रावटे, यातायात बालोद अब्दुल अफजल खान, आरटीओ बालोद एवं यातायात स्टॉफ, विभिन्न स्कूलो के बस चालक एवं संचालक उपस्थित थे।

# अवैध शराब बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

होली त्योहार को देखते हुए अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने थाना अंडा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिरपोती निवासी मुकेश कुमार कोसरे को उसके एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एल जे 4381 में अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब परिवहन करते पकड़ा गया। उसके पास से 30 पौवा देसी मसाला मदिरा बरामद की गई। इसी प्रकार ग्राम आलबरस निवासी मोरध्वज देशमुख एवं मिलेश यादव, को अवैध शराब बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा गया, जिनके पास से 32-32 पौवा देसी प्लेन मदिरा जब्त की गई। इसके अलावा फूलसिंह खुटेल ग्राम निकुम में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक अन्य आरोपी को पकड़ा, जिसके पास से 32 पौवा देसी प्लेन मदिरा बरामद की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जब्त शराब को विधिवत सील कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

थाना अंडा प्रभारी पारस राम ठाकुर ने स्पष्ट किया है, कि चारो आरोपी को कार्यवाही करके जेल भेजा गया। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

- जहरीले रंगों और मिलावटी मावे से रहें सतर्क

# धान चोर गिरोह फूटा, दो अपचारी समेत 5 गिरफ्तार

- थाना अर्जुंदा व साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई
- घेराबंदी के दौरान वाहन छोड़कर फरार हुए थे आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

थाना अर्जुंदा एवं साइबर टीम को खुरसुल में लगातार धान चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली। जिसमें पुलिस ने 02 विधि से संघर्षरत बालको सहित 05 आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 06 कट्टा धान, 02 नग मोटर सायकल व मोबाईल जप्त किया गया, आरोपियो को धारा 305(ए), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

प्रार्थिया मैत्री कुंज रिसाली थाना नेवई जिला दुर्ग निवासी मालती मेश्राम पति ताराचंद मेश्राम 47 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके मां अन्नपुर्णा राईस मिल ग्राम खुरसुल से 19 व 20 फरवरी के दरम्यानी रात अज्ञात आरोपियो द्वारा पिछे का दिवाल फांद कर लगभग 150 बोरी मिलिंग के लिये आये हुए धान की चोरी हुई, 24 व 25 फरवरी की रात्रि मे पुनः उसी पिछे के रास्ते से दिवाल फांद कर चोरी करते हुए 06 बोरी धान को चोरी करते सीसीटीवी कैमरा मे रिकार्ड हुआ था।

जिसके रिपोर्ट पर थाना अर्जुन्दा में धारा 305(ए), 331(4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। टीम गठित किया गया था। जिसमें 24 व 25 फरवरी के दरम्यानी रात मे मिल के चौकीदार द्वारा चोरी करते देख लेने व तत्काल मिल के आसपास घेरा बंदी किया गया।

जो धान चोरी कर भागते हुए 02 दोपहिया वाहन को मिल के लोगो द्वारा दौडाया गया व पुलिस द्वारा घेरा बंदी की गई जो चोरी किये हुए धान को ले जाने मे असमर्थ रहे, लेकिन आरोपी एक नग इलेक्ट्रानिक वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 0719 को छोडकर भागने मे सफल रहे। छोडे गये स्कुटी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपियो का पता तलाश किया गया।

- सीसीटीवी में कैद हुई चोरी

### आरोपियों से मोबाइल और वाहनों की हुई जब्ती

जिसमें दो नाबालिक आरोपी तथा 03 बालिग जिसमें ग्राम बेलटिकरी निवासी पुष्पेन्द्र कुमार साहू, ग्राम राहुद निवासी रूपेश कुमार टण्डन, ग्राम आलबरस निवासी देवकुमार यादव को अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर अपराध करना तथा अपराध में उपयोग किये गये मोबाईल 05 नग, 02 नग मोटर सायकल, एक पिकप बोलेरो वाहन को जप्त किया गया है। नाबालिक बालको को किशोर न्याय बोर्ड बालोद तथा आरोपीगण को जेएमएफसी न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर 2 को युवा संगम कार्यक्रम

**बालोद।** संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर युवाओ के व्यक्तत्वि विकास एवं राष्ट्र निर्माण में हमारी भूमिका के विशय में खण्ड गुण्डरदेही नगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 2 मार्च को बेडमिंटन हॉल गुण्डरदेही में किया गया है। जिसमे मुख्य वक्ता संघ संचालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छ.ग. प्रांत डॉ टोपलाल वर्मा होंगे। जिसमे सुबह 10 से शाम 4 बजे तक 16 से 35 आयु वर्ग के युवक युवतीयां सम्मिलित होगे। इस दौरान डॉ लीना साहू, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख गोविंद सिंह साहू, डॉ बीडी सिन्हा, घनानंद साहू, खण्ड कार्यवाह खण्ड गुण्डरदेही वेदप्रकाश साहू, सह कार्यवाह कौशल जांगड़े की सक्रिय भूमिका होगी।

# तालाब गहरीकरण कार्य का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मेंड़की तालाब में रोजगार गारंटी कार्य का तहसीलदार ने निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया रोजगार गारंटी के मजदूरी के अतिरिक्त मजदूरो ने एक दिन का श्रमदान किया। सरपंच ने मजदूरों को केंद्र सरकार की योजना के बारे में बताई। एक दिन के श्रमदान से तहसीलदार खुश हो गए और कहां ओरमा और मेंड़की के विकास के लिए आप लोगों का सहयोग जरूरी है।

- 125 दिन रोजगार की गारंटी योजना की दी जानकारी

ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू एवं पंचायत सचिव संतोष साहू के मार्गदर्शन में चल रहे रोजगार गारंटी कार्य में रोजगार सहायक नंदिनी सोनकर, मेट तेजराम साहू, मेट शशि प्रभा साहू, के निगरानी में ओरमा पंचायत के आश्रित ग्राम मेड़की में तालाब



गहरीकरण कार्य में आज एक दिवस मजदूरों के द्वारा श्रमदान किया गया, जहां पर बालोद तहसीलदार आशुतोष शर्मा, एवं पटवारी आशीष शर्मा सरपंच मंजूलता परस साहू ने श्रमदान स्थल पर रोजगार गारंटीकार्य का निरीक्षण किया, जहां पर तहसीलदार मजदूरों से रूबरू हुए और बातचीत की मजदूरों ने रोजगार गारंटी कार्य को संतुष्टि पूर्वक कार्य करने की बात कही, साथ में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण ग्राम पटेल होरीलाल गजपाल, हेमंत साहू, पंच संतोष साहू, रोशनी साहू चंचल साहू ललित ठाकुर उपस्थित थे।

तहसीलदार ने कहा आपके गांव राष्ट्रीय लेवल पर पहचान बन चुके हैं, चाहे वह गांव व्यवस्था के संबंध में हो, या सरपंच के अच्छे कार्य करने के संबंध में हो। तालाब एवं मुक्ति धाम, स्टेडियम मैदान, गौठान का निरीक्षण किया।

### विकसित भारत योजना का ज़ोर-शोर से प्रचार

रोजगार गारंटी कार्य 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश के बाद से पुराने कार्यों को पूरा करने ग्राम पंचायत पूरी जोर–जोर से लगे हुए हैं, वहीं ग्रामीण भी बड़े लगन से ईमानदारी पूर्वक रोजगार गारंटी का कार्य कर रहे हैं, आगामी अप्रैल के बाद से विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत कार्य के लिए भी प्रचार प्रसार जिला प्रशासन के निर्देश पर कर रहे हैं, साथ में इस योजना के तहत मजदूरों को 125 दिन की रोजगार देने की गारंटी केंद्र सरकार के द्वारा किया गया है, तहसीलदार ने अपने उद्बोधन में कहा आप लोग श्रमदान करके गांव और समाज को एक अच्छा संदेश दिया है, निश्चित रूप से यह गांव में अच्छे लोग एवं अच्छे विचारधारा के लोग इस गांव में रहते हैं, आप लोगों के सहयोग से गांव विकास की ओर आगे बढ़ेगा।

## 100 से 2500 रुपए में बिक रहे नगाड़े

# होली के रंग में रंगा बाजार, नगाड़ों की दुकानें सजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

होली को लेकर जिले के बाजारो व चौक चौराहो में रंग गुलाल, पिचकारी के साथ पारंपरिक नगाड़ा बाजार सजने लगे है। शासन द्वारा धान विक्रय की शेश राशि जारी करने से आम जनता में त्यौहार को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है, व्यापारी भी उत्साहित हैं। इस त्यौहार में उनका व्यवसाय अच्छा होगा।

नगर में पहुंचे ग्राम मालीघारी निवासी नगाड़ा विक्रेता रत्नुराम गोन्ड्रे ने बताया कि वर्तमान मे बड़ा नंगाड़ा 1800 से लेकर 2500 तक बिक रहा है। वही मध्यम आकार के नंगाड़ा 500 से 1500 तक तथा छोटे आकार के नंगाड़ा 100 से 500 रूपये तक में नंगाड़ा बाजार में उपलब्ध है। इस दौरान बाजार में नंगाड़ो के साथ डमऊ व देशी टाशक देखने को मिल रहे है।

विक्रेताओ ने बताया कि पूर्व में जहां वे 60 से 70 नंगाड़ा बेच लेते थे, किन्तु वर्तमान में





इसकी संख्या घटकर 25 से 30 हो गई है तथा नंगाड़े के रख रखाव व निर्माण का खर्च भी निकल पाना मुश्किल हो जाता है।

विक्रेताओ ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिकता की चका चौध में पुरानी परंपरा व पारंपरिक वाद्य यंत्र लुप्तप्रायः हो गए है तथा इनके जगह अब डीजे व धुमाल का उपयोग बढ़ते जा रहा है, जिससे पारंपरिक वाद्ययंत्रे के निर्माता व विक्रेताओ को अपनी रोजी रोटी व परिवार पालन पोशण में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होने बताया कि पूर्व में जहां होली के त्यौहार के एक माह पहले ही बसंत पंचमी के आरंभ से ही गांव गांव में नंगाड़े बजना प्रारंभ हो जाता था तथा बसंत पंचमी के पहले ही नंगाड़े की खरीदी बिक्री प्रारंभ हो जाती थी, लेकिन वर्तमान में मात्र होली के दिन ही नंगाड़ा बजाया जाता है।

### नशे से बिगड़ने लगे महौल

कई वरिष्ठ लोगो ने बताया कि पूर्व में होली मेल जोल का त्यौहार होता था, लेकिन वर्तमान में यह नशेबाजी व हुल्लड़बाजी का त्योहार बनते जा रहा है, जिसके कारण जहां पूर्व में बच्चे, युवा व महिलाएं एक साथ मिलकर सद्भावना पूर्वक होली मनाते थे, लेकिन वर्तमान में नशे से महौल बिगड़ने लगा है। वही जहां पूर्व के पीढ़ीयो को होली के अवसर पर गाए जाने वाले फाग गीत मुहबोली याद रहते थे तथा नंगाड़े के साथ पर गाते, बजाते नाचते थे व वर्तमान में आधुनिकता के डीजे के कारण वर्तमान युवा फाग गीत से अनभिज्ञ होते जा रहे है। फाग प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही अब फाग गीत सुनने को मिलते है।

## सार समाचार

### स्वास्थ्य शिविर में पहले दिन 743 लोगों ने लिया लाभ

**राजनांदगांव।** सदर बाजार स्थित जैन बगीचा में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ राजनांदगांव एवं श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के तत्वावधान में 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो दिवसीय "महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया जा रहा है।



शिविर के पहले दिन शनिवार को 743 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। 28 फरवरी को शिविर का उद्घाटन 20 सूत्रीय कार्यक्रम के ऑनलाइन समिति के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख एवं पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी एवं ट्रस्टी जीवनचंद, ललित भंसाली, रोशन गोलछा के करकमलों से हुआ। आयोजकों ने बताया कि शिविर का आयोजन कल 1 मार्च को भी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रविवार के शिविर में उक्त डॉक्टरों के अलावा डॉ. एएस दीक्षित, डॉ. एमके दिवाकर, डॉ. प्रकाश सदानी, डॉ. पारस सोनी, डॉ. आदित्य पारख एवं डॉ. चिन्मय डाकलिया की भी सेवाएं मिलेंगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### सड़कों और विद्युत खंभों के नीचे न करें होलिका दहन

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के लिए हरे-भरे पेड, पौधों की कटाई नहीं की जानी चाहिए, बल्कि इसके लिए सुखी एवं बेकार पड़ी लकड़ी इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे पर्यावरण को संरक्षण प्रदान किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से होलिका दहन पक्की डामरीकृत सड़कों तथा विद्युत खंभो एवं तारों के नीचे नहीं करने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने कहा कि सड़कों पर होलिका दहन से सड़कें खराब होगी, इसलिए खुली जगह व सड़क के किनारे होलिका दहन किया जाए। सड़क को खराब होने से बचाने निगम द्वारा होलिका दहन स्थल में मुरूम डालकर घेरा बनाया जा रहा है। उक्त स्थल पर ही होलिका दहन किया जाए। उन्होंने बच्चों को होली के दिन जहरीले रासायनिक रंगों से बचने की सलाह दी है।

### शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** अमर जवान शहीद संदीप यदु के शहादत दिवस पर 28 फरवरी को हाट बाजार स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने छग बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, उनकी माता श्रीमती कुमारीबाई यदु, धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा यदु तथा उनके परिजनों की उपस्थिति में शहीद यदु की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान राजेश जैन रानू, केवरा राय, जैनम बैद, सतीश साहू, अरूण साहू, मधु बैद, विजय राय, बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू, उपेन्द्र यादव, नागेश यदु शामिल रहे। इस अवसर पर महापौर श्री यादव सहित खूबचंद पारख व कोमल सिंह राजपूत ने शहीद संदीप यदु को श्रद्धांजलि देते अपने विचार रखे। अतिथियों ने भी शहीद संदीप यदु के शहादत को यादकर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर शहीद यदु के परिजन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



### एबीवीपी ने सांसद के समक्ष रखी समस्याएं

**राजनांदगांव।** शहर के शैक्षणिक क्षेत्र में विद्यार्थियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अलग-अलग आयोजनों में प्रभावी प्रतिनिधित्व किया। एबीवीपी राजनांदगांव इकाई द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय तथा कमलादेवी राठी महाविद्यालय के पृथक-पृथक वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सांसद को संबंधित महाविद्यालयों के अलग-अलग मांग-पत्र सौंपे गए। प्रत्येक आयोजन में उसी महाविद्यालय से जुड़ी विशिष्ट समस्याओं और छात्रहित के मुद्दों को विस्तार से रखा गया। एबीवीपी नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव के नेतृत्व में सौंपे गए मांग पत्रों के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि विद्यार्थियों की समस्याएं केवल औपचारिक ज्ञापन नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, सुरक्षा, आधारभूत संरचना और भविष्य से सीधे जुड़ी हुई है। इस दौरान भूपेंद्र पाल, जीत शर्मा, कुलदीप पाल, चैतन्य द्विवेदी, मोहित साहू, धन्नू टंडन, पराग सिंह, पुरान साहू, अंकित महतो, जीतेश, देवशीष सेन एवं विवेक उपस्थित रहे।



### पीएम आवास योजना : बिचौलियों से रहे सावधान

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक बीएलसी स्वयं द्वारा आवास निर्माण इस योजना के तहत पात्र हितग्राही को आवास निर्माण करने हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए की चरणबद्ध स्तर पर जीओ टेकिंग की स्वीकृति के उपरांत स्पर्श पद्धति से आधार आधारित खाते में चार किस्तों में राशि हितग्राही के खाते सीधे हस्तांतरित की जाती है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आम जनसाधारण से आह्वान किया है कि अभी लगातार संज्ञान में आ रहा है कि किसी बिचौलिये द्वारा निकाय क्षेत्र के रहवासियों को लगातार मोबाइल फोन के माध्यम से व्यक्तिगत नाम चिन्हित कर फर्जी कॉल आ रहे हैं। जिसमें काल करने वाले के खाते में 2 हजार से 5 हजार तक राशि की मांग की जा रही है, की आप उनके बताए गए नंबर या क्यूआर कोड में राशि हस्तांतरित करने पर आपको उनके द्वारा आवास स्वीकृति की पूरी राशि प्रदान की जाएगी।

### विद्यार्थियों ने सीखी बांस से वस्तुओं के निर्माण की कला



**राजनांदगांव।** पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी मध्यम स्कूल के विद्यार्थियों ने प्री वोकेशनल ट्रेनिंग के तहत बांस से वस्तुओं को बनाने की कला सीखी तथा बाजारों में मिलने वाले विभिन्न उपकरण बनाने सीखा, प्रीवोकेशनल ट्रेनिंग का उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके माध्यम से बच्चे स्वयं का व्यवसाय भी कर सकते हैं तथा अपने अंदर के स्किल को डेवलप कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, प्राचार्य डॉ. अमित घोष एवं शिक्षकगण, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## एसपी के नेतृत्व में विभिन्न मार्गों में जवानों ने किया भ्रमण

# होली पर्व से पहले पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

### असामाजिक तत्वों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के साथ आज नगर क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान असामाजिक तत्वों में हडकंप मचा रहा।

पुलिस लाइन से प्रारंभ हुआ फ्लैग मार्च गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारतमाता चौक, गंज चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होते हुए संपन्न हुआ।

इस दौरान लगभग 300 पुलिस अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना एवं असामाजिक तत्वों में कानून का भय उत्पन्न करना है।



#### जिला पुलिस अलर्ट

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूर्णतः सजग एवं प्रतिबद्ध है। इस वर्ष विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर में 100 से अधिक फिक्स प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। 2.50 से अधिक पेट्रोलिंग पार्टियां निरंतर गश्त करती रहेंगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। ड्रोन कैमरों के माध्यम से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग करने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शहर में सादी वर्दी में भी पुलिस बल व महिला पुलिस टीम तैनात रहेगी।

#### पर्व भाईचारा से मनाए

राजनांदगांव पुलिस ने अपील की है कि होली पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द्र के साथ मनाएं, जबरन रंग लगाने, अभद्र व्यवहार या विवाद की स्थिति से बचें, सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाहपूर्ण पोस्ट साझा न करें। यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें।

## मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में होलिका दहन आज

**राजनांदगांव।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानी आश्रम परिसर में कल 2 मार्च की मध्य रात्रि पश्चात होलिका दहन किया जाएगा एवं 3 मार्च को चंद्रग्रहण के चलते मंदिर के पट संध्या ग्रहण समाप्ति तक बंद रहेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में इस वर्ष 2 मार्च को मध्य रात्रि पश्चात विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया जाएगा। आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द्र का यह पर्व फागुन की मस्ती व रंग-गुलाल के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीतों के माध्यम से लोक कलाकार व बैगा ग्रुप के सदस्य इस अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ फाग गीतों की प्रस्तुति भी देते हैं।



कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, कुलबीर सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी, आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, लीलाधर सिंह के अलावा आसपास के मोहल्लेवासी व श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहेंगे।

#### चंद्रग्रहण पर मंदिर के पट बंद रहेंगे

मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ के तीनों तलों में विराजमान देवी-देवताओं के साथ ही रामदरबार एवं पारेश्वर महादेव व श्री बर्फानी दादा के मंदिर के पट 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण प्रातः आरती पूजन पश्चात सूतक प्रारंभ 9 बजे से चंद्रग्रहण समाप्ति संध्या 7 बजे तक बंद रहेगी। इसके पश्चात देवी-देवताओं का गंगाजल व शुद्ध जलों से स्नान ध्यान करने के पश्चात आरती पूजन की जाएगी।

## फाइनल मैच में लंकेश बनी परशुराम कप की विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में आयोजित परशुराम कप सीजन-2 पर लंकेश-11 की टीम ने फाइनल मैच में कब्जा जमा लिया। शुक्रवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया।

फाइनल मुकाबले में लंकेश की टीम ने 8 रन से जीत हासिल करते चित्रांश इलेवन को पराजित किया। आयोजन की विजेता एवं उपविजेता और तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को नगद पुरस्कार के साथ ही आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई। आयोजन तथागत पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए, उप विजेता को 75 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम एवीएम वॉरियर्स को 30 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में शिक्षाविद इंजीनियर नीरज बाजपेयी, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और डीसीए के सचिव योगेश बागड़ी बतौर अतिथि मौजूद रहे।

पिछले 13 दिनों से जारी इस प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में अपने बेहतर खेल के चलते लंकेश इलेवन एवं चित्रांश इलेवन ने फाइनल में जगह बनाई। शुक्रवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर चित्रांश की टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी।

बल्लेबाजी करने उतरी लंकेश की टीम निर्धारित दस ओवर में महज 72 रन ही बना पाई। टीम की ओर से सत्यम शर्मा ने 29 और शीतल यादव ने 15 रन बनाए। चित्रांश की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते शंकर सिंह एवं शुभम साहू ने 3-3 और अभिषेक शर्मा ने दो विकेट हासिल किए। 73 रन के लक्ष्य का पीछा करते चित्रांश की टीम निर्धारित दस ओवर में 64 रन ही बना पाई। टीम की ओर से वसीम खान ने 21 एवं विपिन रात्रे ने 17 रन बनाए। लंकेश की तरफ से सन्नी रेवतकर ने लगातार तीन विकेट लिए। दुर्गेश निषाद, गुरप्रीत सिंह, देवेंद्र यादव एवं सत्यम शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। फाईनल मैच का मैन ऑफ द मैच सन्नी रेवतकर को दिया गया।

#### 500 खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

आयोजन समिति के अध्यक्ष तथागत पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 55 मैच खेले गए। विजेता टीम को 150000 रुपए नगद एवं विनर ट्रॉफी, स्व. विजय पांडे व स्व वसुंधरा पांडे की स्मृति में दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को 75000 रुपए नगद एवं ट्रॉफी सुधा वर्मा डुमरडीह राजनांदगांव की तरफ से दिया गया। तीसरे पायदान पर रही एवीएम टीम को 31 हजार रुपए एवं रनिंग ट्रॉफी दी गई।

#### शंकर बने बेस्ट प्लेयर, अजय बेस्ट बल्लेबाज

प्रतियोगिता के दौरान अपने शानदार खेल के चलते चित्रांश इलेवन के शंकर सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। वहीं सर्वाधिक रन बनाने वाले अर्थ वारियर्स के अजय वर्मा को बेस्ट बैट्समेन एवं एवीएम टीम के एमडी रजा को बेस्ट बॉलर का इनाम दिया गया। संपूर्ण टूर्नामेंट के अंपायर नरेश आहुजा, चंदन साहू, मोक्ष साहू एवम पूरण ने की। कॉमेंट्री योगेश सिन्हा, तहजीब ख़ान, अमोल वर्मा और विमल रम्मानी ने की।

## 66281 किसानों को 273842 रुपए की अंतर राशि मिली

### पर्व से पहले राशि मिलने से किसानों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

▪ विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के 24 लाख 28 हजार किसानों के बैंक खातों में 10 हजार करोड़ रुपए की कृषि आदान सहायता राशि एकमुश्त हस्तांतरित की। बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लाक के रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राशि जारी कर विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से वर्चुअल संवाद भी उन्होंने किया। कार्यक्रम मे खरीफ विपणन वर्ष 25-26 में धान विक्रय करने वाले जिले के 66 हजार 281 किसानों को 273 करोड़ 8 लाख 42 हजार रुपए की अंतर राशि उनके बैंक खातों में सीधे जमा हुई। किसानों ने इस साल 3 लाख 75 हजार 755 क्विंटल धान का उपार्जन किया था।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिलीप सिंह मंगल भवन और जनपद पंचायत छुईखदान में किया गया। जिपं अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सदस्य अरुणा बनाफर, ललित चोपड़ा व पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे जिन्होंने राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सहायता को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के प्रयासों से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। किसानों को धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन, उतेरा फसल, पशुपालन, मुर्गीपालन और बकरीपालन जैसे वैकल्पिक आय स्त्रोतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी सहित कृषि व संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## आरएएमपी योजना अंतर्गत इंडस्ट्री बैंकर मीट, जिला पंचायत के मैकल सदन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वाणिज्य व उद्योग विभाग अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, द्वारा आरएएमपी योजना तहत इंडस्ट्री बैंकर मीट का आयोजन किया गया। अग्रणी बैंक प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक और जिन हितग्राहियों के प्रकरण बैंकों में लंबित थे उनकी उपस्थिति में आयोजित मीट की अध्यक्षता जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने की। महाप्रबंधक, प्रणय बघेल ने आयोजन का उद्देश्य और इसके अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। वही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर प्रत्येक लंबित प्रकरण के संबंध में संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों से कारण पूछकर जिन प्रकरणों में स्वीकृति की प्रक्रिया प्रगति पर थी उनके लिए अंतिम तिथि निर्धारित करवाई गई ताकि हितग्राहियों व बैंकों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।




#### संभावित उद्योगों पर विस्तृत चर्चा

मीट में औद्योगिक विकास नीति 24-30 अंतर्गत थ्रस्ट सेक्टर उद्योगों की जानकारी देने के अलावा जिले में स्थापित किए जा सकने वाले संभावित उद्योगों की सूची पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा उपरांत जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने कहा कि छोटे उद्योगों के पास प्रायः वित्तीय सलाहकार या चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे संसाधन उपलब्ध नहीं होते इसलिए बैंकों व शासकीय अधिकारियों को उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन सहयोग प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कि जिला मुख्यतः कृषि आधारित है, लगभग 70 से 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। जिले की प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत कम होने के कारण छोटे ऋण से व्यवसाय प्रारंभ कर क्रमिक रूप से उद्योग को विकसित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर बल देते हुए कहा कि कृषि प्रधान जिला होने के कारण यहां फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की व्यापक संभावना उपलब्ध हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### चार्टेड अकाउंटेंस समुदाय के लिए ऐतिहासिक पहल, मेयर ने किया शुभारंभ

# सीए रीडिंग रूम एवं एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सीए रीडिंग रूम एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल (वाई-फाई सहित) का भव्य शुभारंभ सेकंड फ्लोर सत्यम आयतन मार्केट मठपारा राजनांदगांव में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह पहल द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भिलाई शाखा (सीआईआरसी) द्वारा की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह स्नात्र, पूजा एवं वास्तु पूजा से हुआ। तत्पश्चात भगवान श्री गणेश एवं माता सरस्वती के मंत्रोच्चारण के साथ रीडिंग रूम एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने सेकंड फ्लोर सत्यम आयतन मार्केट मठपारा में आयोजित समारोह में सीए रीडिंग रूम एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल (वाई-फाई सहित) का विधिवत उद्घाटन किया।

#### की जाएगी मदद

मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समाज की आर्थिक व्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने इस पहल को राजनांदगांव शहर के बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर निगम की ओर से सीए समुदाय को भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी, तो हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।



#### भविष्य में भी सामुहिक सहभागिता आपेक्षित

अंत में सीए प्रभजीत सिंह जग्गी ने अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि यह पहल सभी के सहयोग से संभव हो सकी है और भविष्य में भी सामूहिक सहभागिता अपेक्षित है। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, सीए विद्यार्थी, व्यवसायी, अधिवक्ता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत स्नेह भोज का आयोजन किया गया।

#### उत्कृष्ठता का बनेगी केन्द्र

विशिष्ट अतिथि सीए पंकज शाह ने कहा कि यह रीडिंग रूम अपनी संरचना एवं आधुनिक सुविधाओं के कारण अद्वितीय है। यहां पूर्णतः एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रोजेक्टर, माइक सिस्टम एवं हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है, जो इसे अध्ययन के साथ-साथ सेमिनार, कार्यशाला एवं प्रोफेशनल बैठकों के लिए आदर्श केंद्र बनाती है। उन्होंने इसे अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणास्रोत बताया। सम्मानित अतिथि सीए अभय छाजेड़ ने कहा कि यह पहल केवल एक अध्ययन कक्ष नहीं, बल्कि प्रोफेशनल उत्कृष्टता का केंद्र बनेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित अध्ययन एवं सामूहिक प्रयास की महत्ता बताते इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। सीए राजेश कुमार बाफना ने स्वागत भाषण में कहा कि यह रीडिंग रूम राजनांदगांव के सीए समुदाय का सामूहिक सपना था, जो आज साकार हुआ है।

## खबर संक्षेप

### अमन ताम्रकार केंद्र सरकार के मुकदमों की भी करेंगे पैरवी



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के मुकदमों (करों से संबंधित मामलों को छोड़कर) की पैरवी के लिए 36 अधिवक्ताओं की नई सूची जारी की गई है। राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इन नियुक्तियों का आधिकारिक आदेश जारी किया है। यह नियुक्तियां आगामी तीन वर्षों के लिए प्रभावी होगी। इसमें दुर्ग से अमन ताम्रकार को जगह दी गी है। इससे पहले अमन को राज्य शासन के मामले में हाईकोर्ट बिलासपुर में वकीलों के पैनल में शामिल किया गया था। केंद्र के सीनियर और सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल जारी आदेश के अनुसार अधिवक्ताओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। सीनियर पैनल काउंसिल की सूची में 8 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शामिल किया गया है। ये अनुभवी वकील महत्वपूर्ण और जटिल मुकदमों में केंद्र सरकार का पक्ष रखेंगे। साथ ही सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल की इस श्रेणी में 28 अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। ये अधिवक्ता केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की नियमित पैरवी करेंगे। अमन के पिता और दुर्ग निगम में एमआईसी मेंबर ज्ञानेश्वर ने इसके लिए विधि एवं विधायी कार्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन आभार किया गया है। उन्होंने कहा कि मंत्री गजेंद्र यादव का भी आभार। उन्होंने मेरे बेटे अमन ताम्रकार अधिवक्ता हाईकोर्ट के ऊपर विश्वास कर पैरवी करने हेतु पैनल का अवसर प्रदान किया गया है।

## निधन

### सोमा बाई साहू



**बालोद/निकुम।** ग्राम मोहंदीपाठ निवासी 81 वर्षीय सोमा बाई साहू का निधन हो गया है, जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मोहंदीपाठ मुक्ति धाम में किया गया, वह सेवानिवृत शिक्षक बृजलाल साहू की धर्मपत्नी व सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश साहू व भानु प्रताप की मां थी।

### अली राम साहू



**गुरूर।** ग्राम घोघोपुरी निवासी एवं भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी अली राम साहू 91 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में विधि विधान पूर्वक किया गया। खिलेश्वर साहू ने बताया कि वे उत्तरा बाई साहू के पति, नीरज साहू एवं शिलेन्द्र साहू के पिता थे।

### दुर्ग ब्लॉक के 25,057 किसानों को 8,7.03 करोड़ बांटे

# सरकार का जिले के 1.06 लाख किसानों को होली से पहले बड़ा तोहफा, 407.89 करोड़ खाते में डाले

### सीएम विष्णुदेव साय ने बिल्हा बिलासपुर से डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कृषक उन्नति योजना के तहत दुर्ग जिले के करीब 1.06 लाख किसानों को बोनस यानी आदान राशि 407.89 करोड़ रुपए शनिवार को ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। दुर्ग सहित प्रदेश के 24.28 लाख किसानों को आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। बिल्हा बिलासपुर से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुल 10,324.84 करोड़ की राशि डीबीटी माध्यम से किसानों को ट्रांसफर की। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया तथा मुख्यमंत्री हितग्राहियों से संवाद भी किए।

जिले में दुर्ग, धमधा और पाटन विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजन किया गया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जिले के कुल 1,06,830 कृषकों को लगभग 407.89 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई। इसमें विकासखण्ड दुर्ग के 25,057 किसानों को 8,703.03 लाख रूपए, पाटन के 44,122 किसानों को 16,995.87 लाख रूपए तथा धमधा के 37,651 किसानों को 15,090.54 लाख रूपए की राशि शामिल है।

दुर्ग के विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों के लिए यह खुशी और गर्व का अवसर है। पाटन के डॉ. खूबचंद बघेल भवन में लोकसभा सांसद विजय बघेल, धमधा के मंगल भवन बानबरद अहिवारा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ।



#### आज किसानों को मौसम की जानकारी आसानी से मिल रही

चंद्राकर ने कहा कि किसानों को मोबाइल और अन्य माध्यमों से मौसम और वर्षा की जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे वे अपनी खेती का कार्य योजनाबद्ध तरीके से करते हैं। राज्य सरकार द्वारा उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही भूमिहीन किसानों को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। आज पूरे छत्तीसगढ़ में किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि ट्रांसफर की जा रही है। इसे प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि और सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।

#### 10 किसानों को प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन भी प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के किसानों के खाते में अंतरित की गई राशि पर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और इसकी पहचान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुई। आज इसकी गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है। इस अवसर पर कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत निपानी के मुकेश सिंह ठाकुर, रीवागहन के रमेश कुमार साहू व शंभूराम साहू, बटरेल के चम्पेश्वर साहू व भोकलु राम साहू, कौही के जीवनलाल सोनकर, तर्रा के कमलेश चंद्राकर, औरी से केवल चंद्राकर व संदीप चंद्राकर एवं पचपेड़ी से महेन्द्र चंद्राकर को उत्कृष्ट कृषि गतिविधियों एवं योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### मिली अंतरण की राशि, मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी शुभकामनाएं

**दुर्ग।** कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आज प्रदेशभर में आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं



किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के अन्नदाता किसानों के खातों में धान अंतरण की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने समस्त किसानों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इसे किसान का सम्मान और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर के किसानों के खातों में धान की राशि का अंतरण कर होली के पावन पर्व को और भी आनंदमय बना दिया है। यह राशि किसानों के परिश्रम और समर्पण का सम्मान है।



## टटेंगा स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने देखे विज्ञान के रोचक प्रयोग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विज्ञान के प्रति चेतना बढ़ाने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक एवं भारत रत्न डॉ. सी. वी. रमन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ।

भौतिक शास्त्र के व्याख्याता पवन सिन्हा ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के रोचक पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने प्रयोगों के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाते हुए छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर बल दिया। वाणिज्य व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि विकसित राष्ट्र और वैश्विक हित के लिए विज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नवाचार और अनुसंधान के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण कर देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जा सकती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने सभी वैज्ञानिकों को नमन करते हुए कहा कि आज स्वास्थ्य, स्थिरता और विकास विज्ञान की देन है। विज्ञान के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। सहायक शिक्षक वेद प्रकाश साहू एवं अतिथि व्याख्याता बिंदु पटेल ने कविता पाठ के माध्यम से कार्यक्रम को भावपूर्ण बनाया। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब प्रभारी अजय पाठक ने किया। उन्होंने बताया कि डॉ. रमन ने 28 फरवरी को प्रकाश के प्रकीर्णन की खोज की, जिसे "रमन प्रभाव" कहा जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने औषधीय बीज एवं पत्तियों के वैज्ञानिक नाम और गुणों से संबंधित चार्ट भी प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिजली उपकरणों का उचित चयन करके ऊर्जा की बचत की जा सकती है : निहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ समान स्टार रेटिंग वाले उपकरणों के चयन की विधि समझाई



क्रेडा द्वारा जागरूकता कार्यशाला बीआईटी दुर्ग भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग और ऊर्जा क्लब ने क्रेडा रायपुर सिविल इंजीनियरिंग विभाग तथा विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सौर प्रौद्योगिकी और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। वरिष्ठ परियोजना समन्वयक क्रेडा रायपुर निहार रंजन साहू थे। उन्होंने सूर्य और उसकी ऊर्जा की लाखों वर्षों से भूमिका तथा आधुनिक युग में उसके महत्व पर प्रकाश डाला। समान स्टार रेटिंग वाले उपकरणों के चयन की विधि समझाई। व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने दिखाया कि उचित विद्युत उपकरणों का चयन करके किस प्रकार ऊर्जा की बचत की जा सकती है। उन्होंने भविष्य में स्टार रेटेड भवनों की संभावनाओं पर भी चर्चा की। सत्र को अधिक रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के लिए छात्रों से सार्थक प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले छात्रों को उपहार प्रदान किए गए। कुल 98 छात्र विद्युत अभियांत्रिकी, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। संचालन बीटेक द्वितीय वर्ष अदिति दुबे ने किया। कार्यक्रम के समन्वयक विद्युत अभियांत्रिकी प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र त्रिपाठी, डॉ. अनुपम अग्रवाल, शशांक तिवारी, शिखा वर्मा, विभागाध्यक्ष ईईई डॉ. अनूप मिश्रा ने कहा कि आने वाले दो दशकों में सौर प्रौद्योगिकी पारंपरिक प्रणालियों का स्थान ले लेगी। डॉ. सिंधु जे. नायर ने बताया कि स्टार रेटेड भवन सिविल इंजीनियरों के लिए नई चुनौतियाँ प्रस्तुत करेंगे।

## बच्चों संग नव चेतना संगठन ने मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ जय स्तंभ चौक स्थित घरौंदा मूक–बधिर केंद्र में कार्यक्रम



नव चेतना समाजसेवी संगठन की बहनों ने जय स्तंभ चौक स्थित घरौंदा मूक–बधिर केंद्र में विशेष बच्चों के साथ स्नेह, आत्मीयता और अपनत्व की रंगभरी होली मनाई। बहनों ने बच्चों के बीच पहुंचकर पहले हर्बल गुलाल से उनके कपोलों को स्पर्श किया। क्षण भर में ही मासूम चेहरों पर प्रसन्नता की लाली खिल उठी और परिसर हर्षोल्लास से गूंजायमान हो गया।

नव चेतना समाजसेवी संगठन ने अपने आदर्श वाक्य सेवा ही सर्वोत्तम धर्म है को जीवन–दर्शन मानते हुए पुनः यह सिद्ध किया कि सच्ची सेवा वही है, जिसमें संवेदना और समर्पण का संगम हो। प्राकृति–प्रेम, संरक्षण, जीव–दया, सामाजिक सेवा तथा धर्म एवं संस्कृति–संरक्षण जैसे पुनीत उपक्रमों के माध्यम से संगठन निरंतर समाज में करुणा, चेतना और उत्तरदायित्व–बोध का प्रकाश प्रज्वलित कर रहा है।

संगठन की ओर से बच्चों को मिठाइयां एवं विविध पकवान स्नेहपूर्वक परोसे गए। इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए संगठन की सचिव डिलेश्वरी साहू ने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। केक काटते समय भाव–विभोर हो उठीं। उन्होंने इसे अपने जीवन का सर्वाधिक स्मरणीय जन्मदिन बताते हुए संगठन की अध्यक्ष पद्मिनी देवेंद्र साहू के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया, जिनके सहयोग से उन्हें यह अनुपम अवसर प्राप्त हुआ। होली मिलन समारोह में संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू, सहसंयोजिका दुर्गा जोशी, सचिव डिलेश्वरी साहू, सहसचिव रीता पाठक, कोषाध्यक्ष रुक्मणी कोसरे, सहकोषाध्यक्ष वंदना यादव, सरिता साहू, भगवती सोनकर, राजेश्वरी नेताम, सुशीला गरिया सहित अन्य सदस्यगण ससम्मान उपस्थित रहीं। सभी बहनों ने इस आत्मीय आयोजन को आत्मिक संतोष और आंतरिक आनंद का अद्वितीय अनुभव बताया।

संगठन ने संदेश दिया कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, अपितु हृदयों को जोड़ने का पावन पर्व है। हुड़दंग और फूहड़ता से परे, यदि हम इस पर्व को सेवा, सद्भाव और सहभागिता के साथ मनाएं, तो न केवल हमारे जीवन में, बल्कि किसी और के जीवन में भी खुशियों के रंग स्थायी रूप से भर सकते हैं।

## 16 करोड़ के कामों की नहीं आई स्वीकृति शहर सरकार कर रही गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ कहा–तीन माह से हितग्राहियों को नहीं मिली पेंशन राशि

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने शहर सरकार की घोषणाओं और 16 करोड़ के कार्यों को लेकर लगातार श्रेय लिए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब से महापौर अलका बाघमार ने पदभार ग्रहण किया है तब से लेकर आज तक दुर्ग नगर निगम की ओर से कोई सार्थक काम नहीं हुआ है। सिर्फ घोषणाएं की जा रही है। शब्जबाग दिखाए जा रहे हैं।

शहर में जगह-जगह कचरों का ढेर पड़ा हुआ है, जो अनेक बीमारियों को जन्म दे रहा है। पटरीपार ओवर ब्रिज के नीचे रोड और सुराना कॉलेज के सामने स्टेडियम के किनारे एसएलआरएम सेंटर में कचरे का पहाड़ बन चुका है। लोगों का मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। 16 करोड़ के कामों की अब तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं आई है। नगर निगम में कोई जिम्मेदार अधिकारी निगम में बैठते नहीं है। वृद्धा पेंशन 2 माह और विधवा पेंशन विगत 3 माह से नहीं आया है। फिल्टर प्लांट में टरबाइन पंप लगाया जा रहा है परंतु जो राइजिंग लाइन टंकी भरने वाली है, वह बहुत पुरानी है। प्रेशर से पाइप लाइन लीकेज की समस्या सामने आएगी।

## बिजली कंपनी ने चेताया, खंभों, लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के निकट न करें होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा होली को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समूचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने के लिए विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन एवं रंगों की बौछार ना करने की अपील की गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक रंगोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा।

मुख्य अभियंता ने बताया कि होली के पर्व पर अवकाश होने के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने के लिए वितरण कंपनी के कॉल सेंटर एवं फ्यूज आफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की भांति क्रियाशील रहेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की सावधानी से किसी भी प्रकार की संभावित विद्युत दुर्घटनाओं से आसानी से बचा जा सकता है। रंगोत्सव पर किसी भी प्रकार की विद्युत व्यवधान तथा विद्युत दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिये उपभोक्ता अपने क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जोन एवं वितरण केंद्रों में सम्पर्क कर सकते हैं।

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तार के विरोध में दुर्ग के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रभारी आस मोहम्मद, जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया। इसके विरोध में कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तार लोगों की तत्काल और निशर्त रिहाई की मांग की। महासचिव दीपांकर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत देशमुख, आशीष वर्मा के नेतृत्व में पटेल चौक में कार्यकर्ता जुटे। उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर अनिल देशमुख, अभिषेक वॉर्म, राकेश निषाद, ऋतुवेश इंद्रेश हरमुख, पंकज सिंग, अजय वर्मा, लिकेश, राजा देशमुख, लला देशमुख, लक्ष्य देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

### राजीव भवन शनिचरी बाजार में बांटे गए नियुक्ति पत्र

## कांग्रेस की नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



शहर जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग द्वारा नवघोषित जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का राजीव भवन में कांग्रेस का गमछा पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक में संगठनात्मक एजेंडे पर रणनीति तय की गई। इस अवसर पर नव पदाधिकारियों में राजू भाटिया, दीपक साहू, अजय शर्मा, अब्दुल गनी, कौशल किशोर सिंह, राजकुमार पाली, राजकुमार नारायणी, रायसिंह ढिल्लो, प्रकाश जोशी, विजय चंद्राकर, पोषण साहू, दुष्यंत देवांगन, निकिता मिलिंद, राहुल शर्मा, जमुना साहू, संजय बत्रा, गौरव उमरे, मुकेश साहू, अजय मिश्रा, राकेश यादव, मनदीप सिंह भाटिया, मुकेश राठी, जगमोहन ढीमर, भूपेंद्र सेन, खुर्शीद अहमद सहित अन्य मौजूद थे। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह नई कार्यकारिणी अनुभव और युवा ऊर्जा का संगम है। हमारा उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि उसे बूथ स्तर तक सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में इस पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, आरएन वर्मा, शंकर लाल ताम्रकार, संजय कोहले, राजेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।



#### राहुल शर्मा बने महामंत्री, कहा एकजुट करेंगे

राहुल शर्मा को महामंत्री बनाया गया है। नियुक्ति को लेकर उन्होंने कहा कि वे शहर के युवाओं को एकजुट करेंगे। केंद्र और राज्य सरकारी की अनियमितताओं को जनता तक पहुंचाने अभियान चलाएंगे। राहुल शर्मा 2005 में नगर शाला अध्यक्ष, 2006 में एनएसयूआई में विधानसभा उपाध्यक्ष, 2008 में मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में महामंत्री, 2010 से 2012 और 2012 से 2018 तक जिला संगठन में सचिव व महामंत्री, 2018 में महामंत्री रह चुके हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों को राहत, खरीदी केंद्र किए गए अधिकृत

**गुरूर।** विकासखण्ड में धान के बदले दलहल तिलहन की फसल ले रहे किसानों को इस वर्ष अपनी उपज बेचने के लिए परेशान नही होना पड़ेगा। शासन ने विकासखण्ड के सेवा सहकारी समिति गुरूर, फागुनदाह, बासीन एवं सेवा सहकारी समिति पलारी के खरीदी केन्द्र सनौद को चना, सरसो, मसूर के खरीदी के लिए अधिकृत किया है। अपनी उपज विक्रय के पूर्व किसानों को पंजीयन कराना अनिवार्य है। वर्तमान मे पंजीयन का कार्य तेजी से चल रहा है। किसान समिति में पहुंचकर पंजीयन कार्य करा रहे है।

## डमरू बजाकर जंगल बचाने का संदेश दे रहे ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह

**बालोद।** ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह डमरू बजाकर लोगो से हरे भरे



पेड़ों को होली के लिए नही काटने का निवेदन कर रहे है तथा जंगलों में जा कर महुआ बीनने वाले लोगो को डमरू बजाकर आग नही लगाने तथा जहां आग लगी है। उन्हे बुझाने का निवेदन कर जारूगक कर रहे है। इस दौरान वे लोगों को बता रहे है कि जंगल बचेंगे तभी बारिश होगा व वन्यप्राणी बचेंगे, जहां भी जंगल में आग दिखे सूखे पत्तों को अलग करे, झाड़ियों से बुझाए जाने की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## आज से 6 मार्च तक ओडिसा में शतरंज प्रतियोगिता

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की शतरंज पुरूष एवं महिला टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। दोनों ही टीमों का आयोजन 2 से 6 मार्च तक है जिसमें शतरंज पुरूष प्रतियोगिता कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ओडिसा में और शतरंज महिला प्रतियोगिता अडामास विश्वविद्यालय कोलकात्ता में आयोजित होगा। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ही टीमों का प्रशिक्षण शिविर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया। शतरंज महिला टीम पिछले सत्र उपविजेता रही है। पुरूष टीम के मैनेजर शासकीय महाविद्यालय धमधा क्रीड़ाधिकारी डीन मयंक और कोच देवेन्द्र देवांगन राजनांदगांव और शतरंज महिला टीम के मैनेजर अरूण चौधरी क्रीड़ाधिकारी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव और कोच रोशनी साहू पूर्व शतरंज खिलाड़ी है। जिनके मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी।

आयोजन

लाइव प्रसारण दिखाने की रही विशेष व्यवस्था

# जिले के किसानों को कृषक उन्नति योजनांतर्गत 511.11 करोड़ की अंतर राशि खातों में की अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

28 फरवरी को कृषि एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में होली पूर्व कृषक उन्नति योजनांतर्गत आदान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन धान उपार्जन केंद्र, कुसुमकसा विकासखंड डौंडी में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा कृषि के देव भगवान बलराम और छत्तीसगढ़ महतारी के श्री चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

■ शिकारीटोला के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति, किसानों ने गाए होली गीत

सर्वप्रथम पवन कुमार यदु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, डौंडी द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इन्होंने बताया कि आज माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के द्वारा बिल्हा जिला बिलासपुर से धान बेचे गए कृषकों के खाते में अंतर की राशि का हस्तांतरण किया जाएगा। जिसके तरह जिला के 1,28,293 कृषकों के खाते में 511.11 करोड़ रुपया जिसमें से विकासखंड डौंडी के 15900 किसानों के खाते में 4931.89 लाख रुपए हस्तांतरित किए जाएंगे। यदु जी ने सभी किसानों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री अन्न दाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें किसानों को अपने चना, सरसों, मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए डी एस सी में अपने फसल की गिरदावरी करवाने और समितियों से अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा तथा विकासखंड डौंडी के दो समिति चिखलकसा और डौंडी में इसका विक्रय कर सकेंगे। आशा आर्य सभापति, कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत डौंडी आपने किसानों को बधाई देते हुए आज बड़े ही उल्लास का दिवस बताया और भाजपा पार्टी के सभी सदस्यों को किसानों के हित में काम करने की बात रखी। भोला राम नेतामउपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी आपने इस राशि अंतरण के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार किया तथा किसानों को इस राशि का सदुपयोग करने की सलाह दिया गया। सौरभ लूनिया भाजपा जिला महामंत्री बालोद आपके द्वारा जिला तथा डौंडी के किसानों को बधाई दिया तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा पार्टी सदैव तत्पर रहने की बात कही गई। आज ही सभी खातों में राशि हस्तांतरण हो जाएगा, जिससे होली का त्योहार किसान भाई अच्छे से मना पाएंगे। मनीष झा कोषाध्यक्ष जिला भाजपा संगठन विकासखंड डौंडी में कुसुमकसा समिति को ही क्यों चुना गया? इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरे विकासखंड के 15 उपार्जन केंद्रों में से सबसे ज्यादा राशि हस्तांतरण कुसुमकसा समिति में ही हो रहा है। कुसुमकसा समिति में सर्वाधिक 6 करोड़ ब्यासी लाख से अधिक की राशि अंतरित होगा। आपने सभी किसानों, समिति पदाधिकारियों और समिति कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। आपने सभी समितियों से आए प्राधिकृत अधिकारियों को सामने बुलाकर फोटोग्राफी करवाई। सोमेश सोरी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, डौंडी आपने विकासखंड डौंडी में कार्यरत कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की तारीफ करते हुए सभी किसानों को बधाई दिया।

मुकेश कौड़ो अध्यक्ष,जनपद पंचायत डौंडी अंतिम उद्बोधन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश ने समस्त किसानों को बधाई दिया। मुख्यमंत्री जी का भी आभार किया। जिन्होंने अपनी घोषणा के मुताबिक 3100 रूपये की राशि देने की बात को आज पूर्ण किया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि, बालोद का विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि आज सभी किसानों को माननीय मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखने के लिए इस्क्रीन की व्यवस्था की। जिससे किसानों को इस कार्यक्रम में आनंद आया। इस कार्यक्रम में शिकारीटोला के बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर किसानों को प्रभावित किया तथा ग्राम शिकारीटोला के किसानों द्वारा नागर की थाप पर होली गीत प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन गजेंद्र ने सम्पन्न किया।




### इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा रूपेश नायक भाजपा मंडल अध्यक्ष, डौंडी, योगेंद्र सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष, कुसुमकसा, मंजू बैस, तुलेश्वर हीचामि जनपद सदस्य, कुंती देवांगन अध्यक्ष, नगर पंचायत चिखलाकसा, राजू रावते उपाध्यक्ष, चिखलकसा, भिखी बाई मसीया, पूर्व उपाध्यक्ष चिखलकसा, सचिन साहू, युवा मोर्चा कुसुमकसा, ललित पटेल अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग, पूरन करपाल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति, संगीता साहू जिला महामंत्री साहू महिला मोर्चा, हितेश साहू प्राधिकृत अधिकारी गुजरा के साथ समस्त कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, किसान संगवारी, समिति के प्राधिकृत अधिकारी, प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## वीबी-जी राम जी कृषक श्रमिक जन चौपाल किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ओटेबंद अंतर्गत ग्राम सिरसिदा में विकसित भारत वीबी-जी राम जी कृषक श्रमिक जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों एवं श्रमिकों की समस्याओं को सुनने और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा श्रीकांत वर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री नेमलाल यादव उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उप सरपंच इंद्रजीत चंद्राकर, दामनी , रोजगार सहायक रंजिता देवांगन सहित ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

■ जनप्रतिनिधियों ने सुनी किसानों की समस्याएं

इस अवसर पर वक्ताओं ने किसानों और श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में किसान और मजदूर की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, श्रमिक कल्याण योजनाओं आदि की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। जन चौपाल के दौरान किसानों ने खाद, बीज, सिंचाई, समर्थन मूल्य और रोजगार संबंधी मुद्दों को भी उठाया। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना एवं आमजन की समस्याओं का समाधान करना रहा। अंत में सभी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



## आदर्श व गरिमामय होली मनाने गायत्री परिवार की पहल

### नशामुक्त, सौहार्द्रपूर्ण और पारंपरिक होली पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

होली के त्यौहार को आदर्श एवं गरिमामय, उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए गायत्री परिवार ने पहल आरंभ की है। यह पहल गायत्री परिवार द्वारा शांति कुंज हरिद्वार से प्राप्त दिशा निर्देशो के बाद आरंभ की है।

■ ग्राम प्रमुखों व ग्रामीणों के सहयोग से बनेगी आदर्श परंपरा

होली का पर्व आपसी सद भाव, शांति और भाईचारे की भावना से मनाया जाता रहा है, पारंपरिक फाग गीत आकर्षक रहा है, लेकिन आज त्यौहार में नशो का चलन बढ़ने से त्यौहार का स्वरूप बिगड़ने लगा है। होली पर्व अब पुनः पूर्वानुसार मिलजुलकर शांति सौहाद्र और भाई चारे से मनाया जाना है, इसके लिए गायत्री परिवार के सदस्य ग्राम मुखिया से मिलकर आदर्श होली मनाने, दीप यज्ञ या पूजा अनुष्ठान कर प्रेरित करेंगे, कोई व्यक्ति शराब पीकर न आए, इमारती लकड़ी और कच्चे झाड़ को नही काटने तथा त्यौहार में केमिकल वाला रंग गुलाल जबरदस्ती नहीं लगाए जाए इसके लिए पहल की जाएगी। सभी आपस में भाई चारे के साथ रहेंगे। महिलाओं को भी होली जलाने और पूजा काल में भी आमंत्रित किया जावे ऐसा प्रेरित करने का कार्य गायत्री परिवार द्वारा किया जाएगा। ऐसा करने से आदर्श होली होगी इससे त्यौहार विवाद से दूर और शांति और उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। होलिका दहन के दिन होली जलाने के पूर्व भक्त प्रहलाद की कथा सुनाया जाएगा, इससे ग्रामीण अपनी परंपरा, इतिहास एवं संस्कृति से परिचित होंगे। इसके लिए गायत्री परिवार सभी से मिलकर योजना बनाकर कार्य करेंगे।

ऐसा निर्णय गायत्री शक्तिपीठ द्वारा मीटिंग कर हरिद्वार शांतिकुंज से आए पत्र को पढ़कर सुनाया गया, जिसके अनुसार इस वर्ष इन गांवों में करहीभदर, ग्राम पंचायत निपानी, चरवाही, बोरी, भेंगारी, नेवारीकला और बालोद नगर के सभी होली स्थल पर रैली के रूप में जाकर 2 मार्च को आदर्श होली मनाने प्रेरित किया जाएगा। आगामी वर्षों में आदर्श होली हेतु पहले से तैयारी किया जाएगा, जिससे अच्छा वातावरण और आदर्श परंपरा कायम रह सके। जिसमें ग्राम प्रमुख, सरपंच, सचिव और ग्रामीणों के सहयोग से अपेक्षा की गई है।



## पदोन्नति होने पर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुपचेरा में प्रधान पाठक चंद्र प्रकाश श्याम को प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुपचेरा के द्वारा विदाई दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश श्याम थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत दुपचेरा दानेश्वरी साहू के द्वारा किया गया। विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य ठेकवाडीह टीआर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष दुपचेरा मनसुख पंचागम, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति दुपचेरा मेष कुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर किया गया। श्याम शिक्षक एवं प्रधान पाठक के पद पर रहते हुए 17 वर्षों तक माध्यमिक शाला दुपचेरा में सेवा प्रदान किए है। अतिथियों के द्वारा श्याम के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके द्वारा शाला के प्रति समर्पित भाव के साथ किए गए कार्यों को याद किया गया। छात्रें की शैक्षणिक विकास के साथ खेल प्रतिभा को आगे लाने के लिए श्याम सर के द्वारा किए गए प्रयास स्मरणीय है।

मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश श्याम के द्वारा शाला में रहकर सभी सहयोगी शिक्षकों के साथ समग्र रूप से किए गए कार्यों को याद करते हुए छात्रें सतत अध्ययनशील रहने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षको, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, संकुल के सभी शालाओं के शिक्षकों, छात्रें एवं उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई सम्मान प्रदान की गई। इस अवसर छात्रें की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।






### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के अवसर पर प्रधान पाठक राजेंद्र कुमार साहू, शिक्षिका दुलेश्वरी कोसरिया, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, संकुल के अंतर्गत सभी शालाओं के शिक्षक, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी सहित ग्रामीणजन एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू ने किया। विदाई समारोह कार्यक्रम में शिक्षक चंद्र प्रकाश श्याम ने बच्चों से कहा कि आप लोग अनुशासित होकर खूब मन लगाकर पढ़ाई करें तो सफलता अवश्य मिलेगी।

## युवा संसद महोत्सवः आपातकाल के 50 वर्ष विषय पर युवाओं ने रखे विचार, राज्य स्तर के लिए 5 चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिलास्तरीय विकसित भारत अभियान युवा संसद महोत्सव 2026 आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि शमशाद बेगम थी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई।

■ कार्यक्रम का शुभारंभ और अतिथि

विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, उपनिदेशक माय भारत नितिन शर्मा की उपस्थिति में मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम किया गया। भूमिका एवं स्वागत भाषण जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद डॉ लीना साहू ने किया। सभी अतिथियों ने विकसित भारत परिकल्पना कर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में लगभग दो सौ बच्चों ने भाग लिया। लगभग 60 बच्चों ने आपातकाल वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर विचार रखे। इनमे 5 विशेष स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओ का चयन किया गया। जो राज्यस्तरीय में भाग लेंगे। डॉ देवांगन, केएस कुल्हारे, डॉ किशोर कुमार टंडन, रोशनी साहू, मिथिला सिंधारे सभी जजों ने राज्यस्तर के लिए पांच बच्चों का चयन किया।

कार्यक्रम कौशल गजेन्द्र, रोशन साहू, देवेन्द्र साहू, विक्की राजा, नितीश सोनकर, ब्लाक अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा गुण्डरदेही मेघा, राकेश कुमार, खिलेन्द्र मिथिलेश हरसित, ज्योति दीपिका सोनकर, राज्य स्तरीय पुरस्कृत स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन उपस्थित थे। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला की सक्रिय सहभागीता रही।




## बीएसपी के 58 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से फरवरी 2026 माह में कुल 58 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 3 सदस्यों सहित 3 कार्यपालक व 55 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में शनिवार को किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## डोंडी थाना में की शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर डोंडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार प्रशांत वर्मा व संचालन थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने किया। बैठक में नायब तहसीलदार ने कहा की सोशल मीडिया पर भड़काऊ व सौहार्द बिगाड़ने वाले कंटेंट डालने वालों पर नजर रखने की बात कही गई।

■ सोशल मीडिया पर भड़काऊ कंटेंट पर रहेगी नजर

रमजान का महीना भी चल रहा है, ऐसे में किसी की धार्मिक भावना को आहत करने वाला कार्य न करें। शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर फाइन की कार्यवाही की जावेगी। थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। इसलिए इसके सही अर्थों को समझने की जरूरत है। होली खेलते समय किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

इसपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यदि किसी भी गांव या क्षेत्र में द्वेष भाव से मारपीट या विवाद की आशंका हो, तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके इस दौरान लोगों ने कहा कि होली से एक दिन पूर्व पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ने की बात कही मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहतिन चौरका उपाध्यक्ष संजीव मानकर पार्षद ममता जैन,किरण बंजारे, यदुन्दन देहारी, अनिल निर्मल कर, हितेंद्र धनकर, अनिल कुमेटी ,सुशील अमला,व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे सचिव नंद लोंहरे,भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक सहित सभी जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय बुद्धिजीवी मौजूद थे।



स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
15 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)